1936

हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

मंगलवार

1 जुलाई 2025, बरेली

PAGE NO : 09 MIDDLE

# एसआरएमएस में पांच तक शिविर

बरेली। 23 वर्ष पूरे करने वाले एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में एक से पांच जुलाई तक मिनिमल इनवेसिव सर्जरी (दूरबीन विधि) कैंप का आयोजन किया जा रहा है। पांच दिन तक चलने वाले कैंप में किसी भी दिन दूरबीन विधि से ऑपरेशन के लिए रजिस्ट्रेशन कराने को लेप्रोस्कोपिक, एंडोस्कोपिक, आर्थोस्कोपिक, रोबोटिक और लेजर सर्जरी पर 50 फीसदी की छूट दी जाएगी। मरीज अपनी सुविधानुसार सर्जरी 5 जुलाई के



आदित्य मूर्ति।

बाद पूरे महीने में किसी भी दिन प्लान कर सकता है। ये जानकारी एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने दी। रजिस्ट्रेशन पर 50 फीसद की छूट गैस्ट्रो सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, यूरोलॉजी, कॉस्मेटिक सर्जरी, इंटरवेंशनल सर्जरी, पीडियाट्रिक सर्जरी, कार्डियक सर्जरी, जनरल सर्जरी, गायनी सर्जरी, नेत्र सर्जरी, आर्थोस्कोपी एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी, नाक, कान व गला सर्जरी जैसे विभागों में मान्य है। इसके साथ ही रजिस्ट्रेशन कराने वालों को लकी ड्रा भी शामिल होने का अवसर मिलेगा। जीतने वाले की सर्जरी निःशुल्क की जाएगी।